पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

राज्यपाल ने 'गिव विद डिग्निटी' अभियान के राहत सामग्री वाहन को झण्डी दिखाकर रवाना किया

दूसरों को खुशी देने का आनंद ही कुछ और है– राज्यपाल

लखनऊ : 18 अक्टूबर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन से मुकुल माधव फाउण्डेशन एवं फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज द्वारा संचालित 'गिव विद डिग्निटी' अभियान के तहत गरीब एवं जरूरतमंदों के सहायतार्थ वितरित की जाने वाली राहत सामग्री के वाहन को झण्डी दिखाकर रवाना किया। राहत सामग्री का यह वाहन लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों सहित चित्रकूट एवं बांदा जनपद में 3,000 गरीब लोगों को राशन सामग्री किट वितरित करेगा।

राज्यपाल ने कहा कि अभी नवरात्रि चल रही है और फिर दशहरा और दीपावली के पर्व आने वाले हैं। हम सभी अपने परिजनों के साथ पर्वों को खुशी एवं उल्लास से मनाते हैं, परन्तु बहुत से ऐसे भी लोग हैं जो पर्वों का आनंद नहीं ले पाते हैं। हमें अपनी खुशियों में ऐसे लोगों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरों को खुशी देने से स्वयं को जो अनुभूति होती है उसका आनंद ही कुछ और है।

मुकुल माधव फाउण्डेशन के पदाधिकारी श्री गौरव प्रकाश ने बताया कि वर्ष 1999 में पुणे में स्थापित मुकुल माधव फाउण्डेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सेवा, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के लिये पूरे देश में कार्य कर रही है। फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अधिकृत सी0एस0आर0 के रूप में संस्था द्वारा कार्य किया जा रहा है। मुकुल माधव फाउण्डेशन द्वारा 'गिव विथ डिग्निटी' अभियान के अंतर्गत दीपावली पर पूरे देश में गरीब एवं जरूरतमंद पचास हजार लोगों को राशन किट वितरित किये जाने का संकल्प लिया गया है, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के विजन के तहत यह राशन उन किसानों, स्वयं सहायता समूह या छोटे उद्यमियों से खरीदा गया है जिन्होंने कोविड–19 के दौरान अपना रोजगार खोया है।

एक राहत सामग्री किट में 5–5 किलो चावल एवं आटा, 2–2 किलो दाल एवं चीनी, एक लीटर रिफाइंड ऑयल, चायपत्ती, मसाले एवं सेनेटरी पैड शामिल है। इस अवसर पर श्रीमती माधुरी हलवासिया, श्री दीपक यादव, श्री अरूण सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

———————

ALL INDIA
PERMIT
GOODS
MERA BHARAT MAHAN
CARRIER
ALL INDIA
PERMIT
JAI MATA DI
JAI MATA DI
Mukul Madhav Foundation
GIVE WITH DIGNITY
Finolex
श्रीमति आनंदीबेन पटेल
हम सभी माननीया राज्यपाल (उत्तरप्रदेश) की दानशीलता,
वंचित वर्ग एवं महामारी की चपेट में आए परिवारों के
सशक्तिकरण हेतु उनकी अदम्य इच्छा के लिए आभारी है।
राशन एवं स्वच्छता किट के वितरण को हरी झंडी प्रदान करने हेतु हार्दिक धन्यवाद!
Lucknow, Uttar Pradesh | Sunday, 18th October
UP27AT.2304
INDIAN
We are grateful to her excellency
Smt. Anandiben Patel
Hon'ble Governor, Uttar Pradesh
for her generosity and desire to
empower underprivileged
families and those affected
by the pandemic.
Flagging off the distribution of
ration and hygiene kits.
Lucknow, Uttar Pradesh | Sunday, 18th October

ALL INDIA
PERMIT
GOODS
MERA BHARAT MAHAN
CARRIER
ALL INDIA
PERMIT
JAI MATA DI
JAI MATA DI
Mukul Madhav Foundation
GIVE WITH DIGNITY
Finolex
श्रीमति आनंदीबेन पटेल
हम सभी माननीया राज्यपाल (उत्तरप्रदेश) की दानशीलता,
वंचित वर्ग एवं महामारी की चपेट में आए परिवारों के
सशक्तिकरण हेतु उनकी अदम्य इच्छा के लिए आभारी है।
राशन एवं स्वच्छता किट के वितरण को हरी झंडी प्रदान करने हेतु हार्दिक धन्यवाद!
Lucknow, Uttar Pradesh | Sunday, 18th October
UP27AT.2304
INDIAN
Smt. Anandiben Patel